श्याम का दीवाना हो गया

खाटू में जिसका आना जाना हो गया,
वो ही मेरे श्याम का दीवाना हो गया,
सच्चे दरबार में जो मन से आगया,
सांवरिया का भक्त वो निराला हो गया,
खाटू में जिसका आना जाना हो गया,
वो ही मेरे श्याम का दीवाना हो गया।

जा के दरबार में जो शीश झुकाते है,
सांवरिया दयालु उन्हें गले से लगाते है.....-2
जिसका मेरे बाबा से याराना हो गया,
वो ही मेरे श्याम का दीवाना हो गया,
खाटू में जिसका आना जाना हो गया,
वो ही मेरे श्याम का दीवाना हो गया।

प्यार का खजाना श्याम का भरपूर है,
प्रेम को लुटाने में ये बड़े मशहुर है.....-2
जो भी इनसे जाना पहचाना हो गया,
वो ही मेरे श्याम का दीवाना हो गया,
खाटू में जिसका आना जाना हो गया,
वो ही मेरे श्याम का दीवाना हो गया।

बाबा के दीवानो की तो बात निराली है,
बाबा की कृपा खुशी की रोज दिवाली है.....-2
जिनका उनके चरणों में ठिकाना हो गया,
वो ही मेरे श्याम का दीवाना हो गया,
खाटू में जिसका आना जाना हो गया,
वो ही मेरे श्याम का दीवाना हो गया.........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24355/title/shyam-ka-deewana-ho-gya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |